# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला-जशपुर (छ.ग.)

E-mail:- deo-jashpur@cg.gov.in rmsa.jashpur@gmail.com

क्रमांक / 1993 / विविध / 2026–27 जशपुर, दिनांक:– 24/08/26

प्रति,

सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी,
जिला–जशपुर (छ.ग.)

विषयः– विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह का आयोजन।

––00––

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विगत वर्षों से प्रदेश के विद्यालयों में श्रावण मास में श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के तीन दिन पहले व तीन दिन बाद तक संस्कृत सप्ताह मनाया जाता है। तद्नुसार संस्कृत सप्ताह का आयोजन 25.08.2026 से 31.08.2026 तक प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में स्कूलों में निबंध, वाद–विवाद, नाटक एवं कहानी प्रतियोगिता के साथ संस्कृतपरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संस्कृत शिक्षक / विद्वानों की संगोष्ठी संस्कृत साहित्य की प्रदर्शनी, संस्कृत, भाषा में भाषण, परिचर्चा, संस्कृत गीत कार्यक्रम का आयोजन किये जाने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है।

अतः अपने विकासखण्ड अंतर्गत संचालित हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में निर्देशानुसार कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का प्रतिवेदन फोटो समाचार पत्रों में प्रकाशित सामग्री तथा कार्यक्रम का प्रतिवेदन व फोटोग्राम इस कार्यालय को अनिवार्यतः उपलब्ध करावें।

**संलग्नः– संस्कृत सप्ताह के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा।**

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला–जशपुर (छ.ग.)

पृ.क्रमांक / 1993/A / विविध / 2026–27 जशपुर, दिनांक:– 24/08/26

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. संचालक लोक शिक्षण संचालनालय, अटलनगर नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला–जशपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
4. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
5. संयुक्त संचालक शिक्षा, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
6. प्राचार्य, हाईस्कूल / हायर सेकेण्डरी विद्यालय जिला–जशपुर (छ.ग.) को निर्देशित किया जाता है कि विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह का आयोजन कर प्रतिवेदन फोटोग्राफ संबंधित विकासखण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला शिक्षा अधिकारी,
जिला–जशपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर

**स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के अधीनस्थ पंजीकृत बोर्ड**

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, पुराना पाठ्यपुस्तक निगम कार्यालय, पेंशनबाड़ा, रायपुर छ.ग. 492001)

दूरभाष कार्या. : 0771–4001733, फैक्स कार्या. : 0771–4001733

**Website: http://cgstatesvm.in E mail Id: cgsanskrit@gmail.com**


**ज्ञाप0 क0** 471 **/संविमं/संस्कृत सप्ताह/2026 रायपुर,** **दिनाँक** 10 / 08 / **2026**

प्रति,

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
जिला.................................................
(छत्तीसगढ़)

विषयः– विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह का आयोजन।

-----00-----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विगत वर्षो से प्रदेश के विद्यालयों में श्रावण मास में श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के तीन दिन पहले व तीन दिन बाद तक संस्कृत सप्ताह मनाया जाता है। तदनुसार संस्कृत सप्ताह का आयोजन 25.08.2026 से 31.08.2026 तक प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में स्कूलों में निबंध, वाद–विवाद, नाटक एवं कहानी प्रतियोगिता के साथ संस्कृतपरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संस्कृत शिक्षक/विद्वानों की संगोष्ठी संस्कृत साहित्य की प्रदर्शनी, संस्कृत भाषा में भाषण, परिचर्चा, संस्कृत गीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम की संभावित रूपरेखा संलग्न है।

कृपया अपने अधीनस्थ हाई/हायर सेकण्डरी विद्यालयों को कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध है। इस अवसर पर संस्कृत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं शिक्षकों को सम्मानित किया जा सकता है। कार्यक्रम में संस्कृत विद्वानों को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया जाय और उन्हें सम्मानित किया जाय। कार्यक्रम का प्रतिवेदन फोटो समाचार पत्रों में प्रकाशित सामग्री सचिव छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर **(छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर पेंशनबाड़ा रायपुर पिन : 492001)** को भेजें, ताकि भारत सरकार मानव संसाधन मंत्रालय नई दिल्ली एवं सचिव छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग को कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रेषित किया जा सके।

**संलग्न : संस्कृत सप्ताह के लिए कार्यक्रम की सूची**

10.08.26
सचिव
छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम्
रायपुर (छ.ग.)

**पृ0 क्रमांक** 472 **/संविमं/संस्कृत सप्ताह/2026 रायपुर,** **दिनाँक** 10 / 08 / **2026**

प्रतिलिपिः–

1. अध्यक्ष छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छ.ग. शासन, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/बस्तर/सरगुजा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी छ.ग. की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

10.08.26
सचिव
छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम्
रायपुर(छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम्
# रायपुर

**स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के अधीनस्थ पंजीकृत बोर्ड**

(माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, पुराना पाठ्यपुस्तक निगम कार्यालय, पेंशनबाड़ा, रायपुर छ.ग. 492001)
दूरभाष कार्या. : 0771–4001733, फैक्स कार्या. : 0771–4001733
Website: http://cgstatesvm.in E mail Id: cgsanskrit@gmail.com

**ज्ञाप0 क्र0** 473 **/संविमं/संस्कृत सप्ताह/2026 रायपुर, दिनाँक** 10 **/** 08 **/2026**

प्रति,

**संचालक**
लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन, अटल नगर,
नवा रायपुर (छ.ग.)

विषयः– विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह का आयोजन।

-----00-----

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि संस्कृत सप्ताह का आयोजन विगत वर्षो से प्रदेश के विद्यालयों में श्रावण मास में श्रावण पूर्णिमा (रक्षाबंधन) के तीन दिन पहले व तीन दिन बाद तक संस्कृत सप्ताह मनाया जाता है। तद्नुसार संस्कृत सप्ताह का आयोजन 25.08.2026 से 31.08.2026 तक किया जायेगा। इसके अन्तर्गत भाषा की महत्ता का प्रतिपादन, श्लोकपाठ, अंताक्षरी, सूक्तिवाचन सहित संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए रैली निकाल कर आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा का विवरण संलग्न कर सादर प्रेषित है। आपसे निवेदन है कि प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को संस्कृत सप्ताह के आयोजन हेतु पत्र प्रेषित करने का कष्ट करेंगे।

**संलग्न : संस्कृत सप्ताह के लिए कार्यक्रम की सूची**

सचिव
छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम्
रायपुर (छ.ग.)

**पृ0 क्रमांक** 474 **/संविमं/संस्कृत सप्ताह/2026 रायपुर, दिनाँक** 10 **/** 08 **/2026**
प्रतिलिपिः–

1. अध्यक्ष छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम् रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव
छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम्
रायपुर (छ.ग.)

# संस्कृत सप्ताह 2026

## कार्यक्रम की रूपरेखा दिनांक 25.08.2026 से 31.08.2026

**प्रथम दिवस** – 25.08.2026 **मंगलवार**

सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित के साथ संस्कृत सप्ताह प्रारंभ की घोषणा।
संस्था प्रमुख द्वारा संस्कृत की महत्ता पर उद्‌बोधन एवं संस्कृत साहित्य, ग्रंथ एवं संस्कृत से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना है।

**द्वितीय दिवस** – 26.08.2026 **बुधवार**

दीर्घ अवकाश के पश्चात् विद्यालय के विद्यार्थियों को एकत्रित कर संस्कृत की महत्ता पर छात्र–छात्राओं की विचाराभिव्यक्ति एवं चिन्हांकित विषयों पर निबंध लेखन।
विषय –
1. भारतीय संस्कृति संस्कृत से प्रभावित है।
2. संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है।
3. संस्कृत भाषा के अध्ययन से लाभ।
4. संस्कृत भाषा, संस्कार और संस्कृति आधार है।
5. संस्कृत भाषा नैतिकमूल्यों की भाषा है।

**तृतीय दिवस** – 27.08.2026 **गुरूवार**

1. संस्कृत श्लोकों का सस्वरवाचन एवं संस्कृत संभाषण करना।
2. संस्कृत सुभाषित श्लोक एवं उनका अर्थ बताना।
3. संस्कृत पाठ्यपुस्तकों पर आधारित संस्कृत नाटकों का मंचन करना।

**चतुर्थ दिवस** – 28.08.2026 **शुक्रवार (संस्कृत दिवस /रक्षाबंधन)**

संस्कृत भाषा के वेद, उपनिषद, ब्राम्हण ग्रंथ, आरण्यक आदि विषयों को आधार बनाकर विद्वानों के विचार आमंत्रित कर संगोष्ठी का आयोजन एवं सम्मान। इस आयोजन में छात्रों को भी शामिल करें। संगोष्ठी विषय शालेय शिक्षा में संस्कृत भाषा का विकास संस्कृत में विज्ञान। रक्षाबंधन के दिन संस्कृत दिवस मनाया जाता है। अवकाश के कारण अपनी सुविधा से कार्यक्रम आयोजित करें।

**पंचम दिवस** – 29.08.2026 **शनिवार**

1. संस्कृत के सेवानिवृत शिक्षक/छात्र/संस्कृत शिक्षकों का सम्मान। संस्कृत भाषा का अध्ययन जरूरी है/नहीं है, इस विषय पर परिचर्चा (वाद–विवाद) का आयोजन।

**षष्ठ दिवस** – 30.08.2026 **रविवार**

संकुल स्तर पर आयोजन संस्कृत के विभूतियों कालिदास, पाणिनीय, महर्षि वेद व्यास, वाल्मीकि एवं अन्य संस्कृत विद्वानों की कृतियों पर चर्चा एवं हिन्दी की छोटी–छोटी कहानियों का संस्कृत में अनुवाद कराते हुए प्रतियोगिता का आयोजन।

**सप्तम दिवस** – 31.08.2026 सोमवार

विद्यालय स्तर पर पूर्व संपादित गतिविधियों का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण। ग्राम एवं कस्बे के प्रमुख एवं जन प्रतिनिधि/क्षेत्रीय संस्कृत के विद्वान को मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं अध्यक्ष के रूप में आमंत्रित कर संस्कृत सप्ताह समापन समारोह, का आयोजन। इस दिन संक्षिप्त रैली का आयोजन अपेक्षित है।

**रैली में संभावित नारे :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जयतु जयतु | संस्कृत भाषा | संस्कृतभाषा | सरला भाषा |
| वदतु वदतु | संस्कृत भाषा | ग्रामे | ग्रामे संस्कृत भाषा |
| मधुराभाषा | संस्कृत भाषा | नगरे | नगरे संस्कृत भाषा |
| संस्कृतरक्षा | संस्कृतिरक्षा | | |
| वदतुसंस्कृतम् | पठतु संस्कृतम् | | |
| जयतु छत्तीसगढ़म् | जयतु भारतम् | | |

10.08.26

सचिव
छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम्
रायपुर(छ.ग.)